एक नजर

केएनआई मे इतिहास दिवस पर विमर्श कार्यक्रम आयोजित

सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान मे क्या भारत के विभाजन को टाला जा सकता था, विषय पर विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन संस्थान के इतिहास विभाग तथा इतिहास संकलन समिति, जनपद इकाई सुल्तानपुर के संयुक्त तत्वावधान में इतिहास दिवस पर सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब आमटे को नमन करते हुए संस्थान उपप्राचार्य, इतिहास विभागाध्यक्ष एवं इतिहास संकलन समिति के जनपद इकाई के अध्यक्ष डॉ. शक्ति सिंह ने विमर्श का मूल वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर इन्होंने भारत विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों, तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका, ब्रिटिश नीतियों तथा कैबिनेट मिशन योजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि इसके दूरगामी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय परिणाम भी हुए। संस्थान के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. दीपमाला द्विवेदी एवं डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने भी अपने व्यक्त मे विषय के विभिन्न ऐतिहासिक एवं वैचारिक पक्षों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम मे विकास, आयुष, सौम्या, साक्षी, प्रतिष्ठा व शिवांगी आदि विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए एवं सैकड़ो विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

पुलिस का खौफ खत्म,राजस्व-खनन व पुलिस महकमे की सांठगांठ से फल फूल रहा खनन कारोबार

सुल्तानपुर। ज्यादातर थाना क्षेत्रों कोतवा लीनगर,कुड़वार, बल्दीराय, धनपतगंज,कोतवाली देहात अन्य इलाकों में कारोबार खूब फल फूल रहा है।इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने का जिम्मा भले ही खनन महकमे के पास है लेकिन उसकी खनन माफियाओं से खूब सांठगांठ है तभी अंकुश लगने के बजाय अवैध कमाई के चक्कर में बड़ा विवाद करने से गुरेज नहीं रखते है।इसमें राजस्व व पुलिस महकमा भी अछूता नहीं है सभी की माहवारी फिक्स है।जिसका नतीजा ही है कि एसडीएम सदर के निर्देश पर नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव व कई लेखपाल मौके पर देर रात रोकने पहुंचे। खनन माफियाओं ने खनन बंद करने के बजाय बंधक बना कर हमला बोल दिए जिसमें सब के सब अफसर व कर्मी घायल है।विदित रहे जिले में चाहे जो एसपी व खास तौर से नगर कोतवाल रहे है किसी ने इस कारोबार की रोकने की जहमत नहीं उठाई।

मैगी लदी ट्रक खाई में गिरी ट्रक चालक बाल बाल बचा

चांदा । राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर मैगी लदा आइसर ट्रक ब्रेक फेल होने की वजह से पलटा । जिसमे चालक बाल बाल बच गया । चांदा कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित बैतीकला टोल प्लाजा के पास सोमवार रात ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में जा पलटा। जिसे चलाने वाला चालक अवनीश सिंह पुत्र ओमपाल सिंह निवासी कुडरा ढाका थाना दातागंज जनपद बदायूं का रहने वाला है । ट्रक संख्या यू पी 22 टी 2726 रुद्रपुर उत्तराखण्ड से मैगी लोड करके मुगलसराय जा रहा था । टोल प्लाजा के जैसे ही ट्रक पहुचा ही था तो अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया । चालक की सूझ बूझ से बड़ा हादसा टला । नही तो ट्रक की चपेट में कई लोग आ जाते । ट्रक बाये तरफ से काटते काटते दाहिनी तरह खाई में पलटा । वही मैगी के गत्ते जैसे ही नीचे गिरे उसे लेने वालो की भीड़ जमा हो गयी । टोल कर्मियो की मदद से कोई नही ले जा सका ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल,जिला अस्पताल रेफर

चाँदा । कोतवाली क्षेत्र के कोइरीपुर शिवाला के समीप पीली नदी पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के दौरान युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। घायल की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बीनैका गांव निवासी अनुराग राव पुत्र हरिलाल के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराग राव किसी काम से बाइक से चांदा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कोइरीपुर शिवाला के पास पीली नदी पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

एसपी ने दरोगा समेत तीन कांस्टेबल को किया सस्पेंड

सुल्तानपुर । पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर द्वारा चौकी प्रभारी गोड़वा रामनगर इमलिया सहित चौकी पर नियुक्त निम्नलिखित 04 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ।उ.नि. विनोद कुमार पटेल चौकी प्रभारी गोड़वा रामनगर इमिलियांहे.का. दीपक कुमारह.का.जितेन्द्र कनौजियाका. आनंद कुमार यादव है

जिलाधिकारी द्वारा खरीफ फसल धान की कटिंग कर किया गया शुभारम्भ

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ फसल 2026-27 में औसत उपज/उत्पादकता के आंकड़ों के संकलन हेतु आज तहसील सदर, विकास खण्ड दूबेपुर के ग्राम पंचायत दूबेपुर में धान के फसल की कटाई कर जायजा लिया गया। राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित ग्राम पंचायत दूबेपुर के कृषक जगराम, रामयश के धान के खेत में समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल कटाई का प्रयोग किया गया। उक्त धान की क्रॉप कटिंग के पश्चात् उसकी मड़ाई (झड़ाई) कर तौल करायी गयी, जिसमें प्रयोग-1 में 17.400 व प्रयोग-2 में 20.510 किलो ग्राम धान की फसल प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कृषक से बात कर फसलों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। किसानों को धान अपने नजदीकी सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने की सलाह दी, जिससे उन्हे अपने फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसान बंधुओं से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे में न आये। जिलाधिकारी महोदय ने जनपद के सभी किसानों से अपने-अपने खेतों में पराली न जलाने की भी अपील की। अपर सांख्यिकीय अधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जनपद में फसलों की औसत, उपज और उत्पादकता के आंकड़े तैयार किए जाते हैं, जिससे जनपद में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जाती है। अंतिम आंकड़े परीक्षण के उपरांत राज्य स्तर पर कृषि निदेशालय जारी करता है। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति और फसल बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गरिमा सोनाकिया सहित अन्य सभी सम्बन्धित उपस्थित रहे।

24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार



तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय पुलिस ने स्टेशन रोड पर हुई नकबजनी की बडी वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी गए 1 लाख 28 हजार 650 रुपये नगद, गल्ले का लकडी का बॉक्स और बैग बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार सुनील कुमार पुत्र फतेह बहादुर निवासी स्टेशन रोड ने तहरीर दी थी कि 31 अक्टूबर की रात में उसकी दुकान की डुप्लीकेट चाभी बनवाकर शटर का ताला खोलकर गल्ले में रखे करीब डेढ लाख रुपये चोरी कर लिए गए। इस तहरीर पर बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अंकुश जायसवाल उर्फ बाबू पुत्र नन्दलाल जायसवाल निवासी लाल चौराहा, स्टेशन रोड, निकट इंडियन बैंक, तुलसीपुर को तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन प्लेटफार्म नंबर तीन से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि चोरी के बाद पकडे जाने के डर से वह रेलवे स्टेशन पर छुपा था और ढाई बजे आने वाली मैलानी पैसेंजर से लखनऊ होते हुए कहीं दूर भागने की फिराक में था। पुलिस ने संकलित साक्ष्य के आधार पर मुकदमे में धारा बीएनएस की बढोत्तरी की है।

पराली जलाने पर प्रभावी रोक लगाने के लिए किसानों को करें जागरूक - डीएम

अमेठी । जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी निगरानी जनजागरूकता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही जनपद में ऐसी घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है वायु की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा मिट्टी की उर्वरता और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करें और उन्हें पराली जलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दें। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को जनपद स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा सभी उपजिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहें और पराली प्रबंधन से संबंधित शिकायतों की नियमित निगरानी करते हुए प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की जाए ताकि पराली जलाने की किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों से समन्वय स्थापित कर उनके खेतों से पराली एकत्र कर अधिक से अधिक मात्रा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित कराई जाए। उन्होंने कहा कि पराली का उपयोग गोशालाओं में पशुओं के चारे तथा बिछौने के रूप में भी किया जा सकता है। इससे जहां पराली के उचित निस्तारण में मदद मिलेगी वहीं गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के लिए भी इसका उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों से समन्वय स्थापित कर उनके मोबाइल नंबर संकलित करने तथा उन्हें धान कटाई के दौरान सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम का अनिवार्य रूप से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के समय निर्धारित मानकों का पालन कराया जाए जिससे खेतों में फसल अवशेषों के निस्तारण में सुविधा हो और पराली जलाने की आवश्यकता न पड़े।बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। यदि किसी किसान द्वारा पराली जलाए जाने की पुष्टि होती है तो निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी। इसके तहत दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिए ?5000 दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए ?10000 तथा पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए ?30000 तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति का प्रावधान है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बीट कांस्टेबलों को सतर्क रखा जाए और क्षेत्र भ्रमण के दौरान पराली जलाने की घटनाओं पर विशेष नजर रखी जाए। ग्राम प्रहरियों को भी सक्रिय करते हुए निर्देशित किया जाए कि गांव में कहीं भी पराली जलाने की घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस राजस्व एवं कृषि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आवश्यकता के अनुसार ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पराली प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए किसानों को जागरूक करने वैकल्पिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने तथा पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन समस्त उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ.हरिओम पांडेय के प्रयास से ग्रामीण सड़कों के विशेष मरम्मत कार्यों को मिली मंजूरी

अम्बेडकरनगर। पूर्व सांसद एवं विधान परिषद सदस्य एमएलसी डॉण् हरिओम पांडेय के प्रयासों से जनपद की ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण विशेष मरम्मत कार्यों को शासन से स्वीकृति मिली है। लंबे समय से खराब सड़कों की मरम्मत की उम्मीद लगाए ग्रामीणों को मंजूरी मिलने के बाद बड़ी राहत मिली है। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।स्वीकृत कार्यों में अकबरपुर.इल्तिफातगंज मार्ग से विक्रमपुर.जमनीपुर.अकबेलपुर होते हुए लोदीपुर संपर्क मार्ग बरियावन .किछौछा.शुकुल बाजार मार्ग जलालपुर मार्ग से सिकंदरपुर कुर्की बाजार.सिबलीपुर हेड होते हुए जमनीपुर मार्ग सहित कई सड़कें शामिल हैं। भांइया कम्हरिया संपर्क मार्ग तिलक टांडा संपर्क मार्ग मसेपुर संपर्क मार्ग न्यौरी. रामनगर चहोड़ा मार्ग से कपई अंजन पुर संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य को भी मंजूरी दी गई है।



निष्पक्ष जांच की मांग

उतरौला/बलरामपुर। विकास खण्ड उतरौला के ग्राम पंचायत मसीहाबाद ग्रेंट में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण महफूज रजा ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायत में नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट और इण्टर लॉकिंग कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ग्राम पंचायत में नाली निर्माण कार्य के लिए लगभग 1,56,029 रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन मौके पर नालीनिर्माण कार्य नहीं कराया गया। आरोप है कि इसके बावजूद भी निर्माण कार्य की फोटो अपलोड कर सरकारी धन के भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। 12 नवम्बर 2025 को स्ट्रीट लाइट लगाने तथा 5 दिसम्बर 2025 को सीसी रोड से एक घर तक इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि सम्बन्धित कार्य मौके पर नहीं कराए गए। ग्रामीण का कहना है कि इस सम्बन्ध में पहले भी अधिकारियों को शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर जांच और आख्या प्रस्तुत किए जाने का उल्लेख भी पत्र में किया गया है ।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका का डीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भेटुआ का स्थलीय निरीक्षण कर वहां संचालित शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई रहने खाने-पीने एवं विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 9 एवं 10 में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक दक्षता परखने के लिए गणित के सवाल पूछे। इसके साथ ही अंग्रेजी विषय में प्रार्थना पत्र लिखने के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी का निरीक्षण किया तथा छात्राओं में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने और पुस्तकालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार छात्राओं को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन तैयार करने में स्वच्छता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने छात्राओं के शयनकक्षों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान विद्यालय की वार्डन पूनम सिंह ने छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत एक अतिरिक्त शौचालय निर्माण की आवश्यकता से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक आगणन तैयार कराकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि छात्राओं को बेहतर एवं सुविधाजनक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कंप्यूटर लैब का भी अवलोकन किया। इस दौरान सभी कंप्यूटर संचालित अवस्था में पाए गए। विद्यालय में निर्धारित कंप्यूटर पीरियड के दौरान छात्राओं को कंप्यूटर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई। कंप्यूटर लैब में स्मार्ट टीवी की सुविधा भी उपलब्ध पाई गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं के लिए संचालित खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और इनके नियमित आयोजन पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी भेटुआ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में 31 दिसंबर तक चलेगा विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान

अमेठी। जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक के वार्षिक निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 नवंबर से 31 दिसंबर 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र लाभार्थियों को योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने सोमवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अभियान को पूरी गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों अन्त्योदय एवं पात्र राशन कार्ड धारकों आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों सहित योजना की विभिन्न श्रेणियों में शामिल सभी पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उनका शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित समयावधि में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की कि वे 01 नवंबर से 31 दिसंबर तक संचालित विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर स्वयं एवं अपने परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध करा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कीमत और भुगतान के अंतर की जांच की मांग

अम्बेडकरनगर। विकास खंड बसखारी में वित्तीय वर्ष 2025.26 के दौरान ग्राम पंचायतों के लिए खरीदी गई फागिंग मशीनों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कुछ ग्राम पंचायतों में बाजार में करीब 10 से 15 हजार रुपये में उपलब्ध बताई जा रही मशीनों की खरीद के लिए 30 हजार रुपये से अधिक की धनराशि ग्राम निधि से खर्च की गई। मामले में खरीद प्रक्रियाए भुगतान और मशीनों की वास्तविक कीमत की जांच की मांग उठी है। कुछ ग्राम पंचायतों में खरीद से संबंधित रसीदें पोर्टल पर उपलब्ध नहीं हैं जहां रसीदें अपलोड की गई हैंए वहां संबंधित फर्म की फागिंग मशीन आपूर्ति करने की पात्रता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जिले के अन्य विकास खंडों में इसी प्रकार की मशीनें अपेक्षाकृत कम कीमत में खरीदे जाने की बात सामने आई है। मामले में सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमाशंकर सिंह पर अपनी पसंद की फर्म से मशीनें खरीदने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों और प्रधानों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होना जरूरी है।

जिला नगरीय निकाय विकास अभिकरण (डूडा) के शासी निकाय की बैठक में प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा

डी एम ने वार्डों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग नाली के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश



सुलतानपुर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय निकाय विकास अभिकरण (डूडा) के शासी निकाय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत 03 करोड़ रुपये की परियोजना शासन को प्रेषित किए जाने के संबंध में प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित 10 कार्यों की प्रगति एवं कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में वार्ड शास्त्री नगर, निराला नगर, वार्ड संख्या-10 आदर्श नगर, नरायनपुर, लाल डिग्गी, घोसियाना, करौंदिया एवं वार्ड संख्या-15 घासीगंज सहित विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित सीसी रोड, इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों में सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। साथ ही सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग के दोनों तरफ नाली निर्माण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के क्रियान्वयन से पूर्व संबंधित विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त कर लिया जाए, ताकि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी के साथ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन भी कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बैठक में सभी कार्यों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट पीपीटी एवं फोटोग्राफ के माध्यम से प्रस्तुत की जाए, जिससे कार्यों की वास्तविक स्थिति एवं प्रगति का प्रभावी ढंग से आंकलन किया जा सके।

एक नजर

धनतेरस और दीपावली को लेकर सज रहे बाजार

अमेठी। प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर जिले में जमकर तैयारी की जा रही है।बाजारों में धनतेरस और दीपावली को लेकर दुकाने सज रही हैं लोग अपने घरो में साजसज्जा कर रहे हैं।प्रशासन भी त्यौहार को लेकर सजग है नगर अमेठी में आभूषण बर्तन कपड़े लाई च्यूरा और मिठाई के खिलौने की दुकाने त्यौहार के स्वागत में सज गयी है।धनतेरस पर प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ सामान की खरीददारी करेगा इसे लेकर दुकानदार पूरी तैयारी कर रहे हैं। दुकानों में सामानो की सजावट देखने लायक है धनतेरस दीपावली के पहले आने वाला एक बड़ा पर्व है। धन में वृद्धि तथा सुख समृद्धि के लिए इस दिन खरीददारी का विशेष महत्व है। स्वर्ण और चांदी के आभूषण खरीदने के पीछे का भी यही दर्शन है कि हर्ष और संपन्नता पूरे वर्ष बनी रहती है।बताया जाता है कि इस दिन न सिर्फ सोना और चांदी बल्कि वो चीजें भी खरीद सकते हैं जो आपके कार्य से संबंधित हों। यहीं नहीं आप धनतेरस पर झाड़ू भी अवश्य खरीदें क्योंकि झाड़ू में माता लक्ष्मी की वास होता है। इस दिन खरीददारी का विशेष महत्व है।

एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक को किया गिरफ्तार

अमेठी । तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्व निरीक्षक संतराम को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के एक किसान से हदबरारी की कार्यवाही पूरी होने के बाद पत्थर नसब कराने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी। किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और मंगलवार को बाजार शुकुल कस्बे में राजस्व निरीक्षक को कथित तौर पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते दबोच लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कस्बे में खलबली मच गई। वहीं राजस्व विभाग में भी हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि किसान ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। शिकायत की जांच के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही को अंजाम दिया। आरोपी राजस्व निरीक्षक के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस गिरफ्तारी ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की बडी कार्रवाई, 280 किलो छेना मिठाई किया नष्ट



बलरामपुर। जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने तथा मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार निगरानी एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। जिसके क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 03 नवंबर 2026 को थाना ललिया से प्राप्त सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक वाहन में लदे खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भान एवं श्रीराम मौर्य द्वारा वाहन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन में लगभग 280 किलोग्राम छेना मिठाई एवं 48 किलोग्राम बत्तीसा मिठाई पाई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान दोनों प्रकार की मिठाइयों की गुणवत्ता एवं शुद्धता को लेकर संदेह होने पर नियमानुसार एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि वाहन में रखी 280 किलोग्राम छेना मिठाई शीघ्र खराब होने वाली खाद्य सामग्री की श्रेणी में आती है। साथ ही मिठाई के कंटेनरों पर निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि का उल्लेख नहीं पाया गया। ऐसी स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत विभागीय टीम द्वारा एहतियाती कार्रवाई करते हुए 280 किलोग्राम छेना मिठाई को नियमानुसार विनष्ट कराया गया।

डीएम ने किसान के खेत में हंसिया चलाकर की धान की क्रॉप कटिंग



अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने मंगलवार को आलापुर तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम देवरिया बुजुर्ग में किसान के खेत में पहुंचकर धान की क्रॉप कटिंग कराई। उन्होंने स्वयं हंसिया से पककर तैयार धान की फसल काटकर क्रॉप कटिंग के जरिए उसकी उत्पादकता का जायजा लिया। इस दौरान किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।मौके पर अधिकारियों ने सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से रैंडम ऑनलाइन चयनित ग्राम देवरिया बुजुर्ग के गाटा संख्या 384 में किसान तुफेल अहमद के खेत में निर्धारित क्षेत्रफल में धान की कटाई और मड़ाई कराई। 43.30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में हुई कटाई से 21.160 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। इसके आधार पर धान की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 48.8 क्विंटल आंकी गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को क्रॉप कटिंग के आंकड़ों को पूरी शुद्धता के साथ दर्ज कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से क्षेत्र में प्रमुख रूप से उगाई जाने वाली फसलों धान की विभिन्न किस्मों और उत्पादकता के संबंध में भी जानकारी ली।अधिकारियों ने बताया कि क्रॉप कटिंग के आंकड़ों के आधार पर जिले में विभिन्न फसलों की औसत प्रति हेक्टेयर उत्पादकता निर्धारित की जाती है। इन्हीं आंकड़ों का उपयोग कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करने तथा फसल बीमा के तहत किसानों को क्षति के आधार पर मुआवजा देने में भी किया जाता है। इस दौरान एसडीएम आलापुर तहसीलदार नायब तहसीलदार जहांगीरगंज लेखपाल सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली पर खाद्य विभाग की छापेमारी, 188 किलो रंगीन मिठाई जब्त

अम्बेडकरनगर। दीपावली पर्व के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में विशेष अभियान चलाया। टीमों ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर मिलावट के संदेह में मिठाई और खोया के 13 नमूने संग्रहित किए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला भेजा गया है।निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में अस्वास्थ्यकर स्थिति में बिक्री के लिए रखी करीब 13 किलो रंगीन परवल मिठाई 16 किलो बर्फी और 20 किलो खोया यानी कुल 49 किलो खाद्य सामग्रीए टीम ने मौके पर नष्ट करा दी। वहीं फतेहपुर पकड़ी स्थित साहू किराना स्टोर पर बिक्री के लिए रखी रंगीन चीनी मिठाई में रंग की मात्रा अधिक प्रतीत होने पर करीब 188 किलो मिठाई जब्त कर ली गई। इसका नमूना भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।अभियान के तहत भीटी चौराहा सम्हरिया चौराहा बेलहरी बरियावन बाजार बसखारी पदुमपुर चौराहा हीरापुर बाजार नेहरूनगर टांडा और त्रिमुहानी बाजार समेत विभिन्न स्थानों से पेड़ा बर्फी खोया कलाकंद छेना मिठाई और छेना रसगुल्ला के नमूने लिए गए। विभाग के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूनों में अपमिश्रण पाया जाता है तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र वर्मा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पांडेय चंद्र प्रकाश यादव मोण् नसीम खान ओम प्रकाश और संतोष कुमार वर्मा शामिल रहे।